**NEWS CLIPPING: 07.06.2017**

**DAINIK BHASKAR**

**कौशल विकास** | कौशल आधारित प्रशिक्षण के लिए विश्वकर्मा कौशल विवि और वाईएमसीए के बीच हुआ समझौता

# स्किल सर्टिफिकेशन और नेटवर्किंग व साइबर सिक्योरिटी कोर्स होंगे शुरू

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा और कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से वाईएमसीए और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के बीच मंगलवार को एक समझौता हुआ। इसके तहत हरियाणा सरकार की सक्षम युवा योजना के तहत एक कौशल प्रमाणन पाठ्यक्रम और एक साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस समझौते पर वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने हस्ताक्षर किए।

इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि वाईएमसीए द्वारा कौशल विश्वविद्यालय के साथ समझौता परस्पर अकादमिक सहयोग के माध्यम से कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और यह राज्य में कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में बड़ा योगदान देगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच परस्पर सहयोग से आयोजित पाठ्यक्रमों का लाभ विद्यार्थियों को होगा। क्योंकि इससे विद्यार्थियों को रोजगार के लिए जरूरी कौशल तथा नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा और वे औद्योगिक जरूरत के अनुसार खुद को योग्य बना सकेंगे। यह पाठ्यक्रम शुरूआत में वाईएमसीए विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी से संबंधित पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रहेगा।



फरीदाबाद. समझौता ज्ञापन हस्तांतरित करते हुए वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू।

## औद्योगिक जरूरतों को पूरा करेगा पाठ्यक्रम

हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि वाईएमसीए के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विश्वविद्यालय साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी से जुड़े खतरों व चुनौतियों को लेकर बेहतर जानकारी एवं समझ प्रदान करने के उद्देश्य से पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इसमें साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी की अवधारणा से जुड़े अनुप्रयोगों को लेकर प्रयोगात्मक अनुभव दिया जाएगा। पाठ्यक्रम औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप रहेगा। इसमें स्टूडेंट्स को ऑपरेटिंग सिस्टम को सुरक्षित बनाने, जोखिम मूल्यांकन, सुरक्षित नेटवर्क डिजाइन करने, वेबसाइट की सुरक्षा का आंकलन करने तथा साइबर सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं पर उचित कार्रवाई करने संबंधी अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर संकायाध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह, सूचना-प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा, कुलपति के कार्यकारी अधिकारी डॉ. राजीव कुमार और कौशल विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों में संयुक्त निदेशक कर्नल उत्कर्ष राठौड़, उपनिदेशक संजय भारद्वाज, सहायक निदेशक चंचल, वरिष्ठ कौशल समन्वयक मीनाक्षी आदि मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 07.06.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए व विश्वकर्मा विवि के बीच एमओयू हुआ साइन

**जासं, फरीदाबाद :** विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा तथा कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने परस्पर सहयोग को लेकर एक समझौता किया है। इस समझौते के अंतर्गत सरकार की सक्षम युवा योजना के तहत एक कौशल्ल प्रमाणन पाठ्यक्रम तथा एक साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी पाठ्यक्रम शुरू किया जायेगा। समझौते पर वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार तथा हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने हस्ताक्षर किए। प्रो.दिनेश कुमार ने इस मौके पर कहा कि यह समझौता कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण



वाईएमसीए के उपकुलपति प्रो .दिनेश कुमार व हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद उसे दर्शाते हुए • जागरण

कदम है और राज्य में कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में अहम साबित होगा। बड़ा योगदान देगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच परस्पर सहयोग से आयोजित पाठ्यक्रमों का लाभ विद्यार्थियों को होगा क्योंकि इससे विद्यार्थियों को रोजगार के लिए जरूरी कौशल तथा नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा और वे औद्योगिक जरूरत के अनुसार खुद को योग्य बना सकेंगे। राज नेहरू ने कहा कि कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य कौशल तथा कौशलता आधारित शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना, अर्थव्यवस्था के उभरते हुए क्षेत्रों में उद्यम विकास तथा इन उद्यम क्षेत्रों से संबद्ध अन्य क्षेत्रों में कौशलता के स्तर को बढ़ाना है। इस अवसर पर प्रो.दिनेश कुमार तथा राज नेहरू ने वाईएमसीए विश्वविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर संकाय अध्यक्ष डॉ.विक्रम सिंह, सूचना-प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ अतुल मिश्रा, कुलपति के कार्यकारी अधिकारी डॉ.राजीव कुमार तथा कौशल विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों में संयुक्त निदेशक कर्नल उत्कर्ष राठौड़, उपनिदेशक संजय भारद्वाज, सहायक निदेशक चंचल, वरिष्ठ कौशल समन्वयक मीनाक्षी, उप कुलसचिव डॉ.ललित तथा सहायक कुलसचिव संजीव उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 07.06.2017**

**AMAR UJALA**


अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 7 जून 2017

5


# कौशल आधारित शिक्षा को मिलेगा प्रोत्साहन

## वाईएमसीए ने हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ किया समझौता

**अमर उजाला ब्यूरो**

फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के बीच गुणात्मक शिक्षा और कौशल आधारित प्रशिक्षण को लेकर समझौता हुआ है। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय द्वारा समझौता राज्य में कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा। वह औद्योगिक जरूरत के अनुसार खुद को योग्य बना सकेंगे। कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि कौशल विश्वविद्यालय कुशलता आधारित शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने पर ध्यान देगा। अर्थव्यवस्था के उभरते हुए क्षेत्रों में उद्यम विकास पर जोर देगा।

इस समझौते के तहत हरियाणा सरकार की सक्षम युवा योजना के तहत एक कौशल प्रमाणन पाठ्यक्रम और एक साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस समझौते से विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। यह पाठ्यक्रम औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप रहेगा, जिसमें विद्यार्थियों को ऑपरेटिंग सिस्टम को सुरक्षित बनाने, जोखिम मूल्यांकन, सुरक्षित नेटवर्क डिजाइन करने, वेबसाइट की सुरक्षा का आकलन करने, साइबर सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं पर अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। यह पाठ्यक्रम शुरुआत में इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी से संबंधित पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रहेगा। कौशल प्रमाणन पाठ्यक्रम के लिए युवाओं को सरकार की सक्षम युवा योजना के अंतर्गत पोर्टल पर पंजीकृत करवाना अनिवार्य है। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा, कुलपति के कार्यकारी अधिकारी डॉ. राजीव कुमार, कौशल विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक कर्नल उत्कर्ष राठौड़, उपनिदेशक संजय भारद्वाज, सहायक निदेशक चंचल, वरिष्ठ कौशल समन्वयक मीनाक्षी, उप कुल सचिव डॉ. ललित, सहायक कुलसचिव संजीव मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 07.06.2017**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए कौशल आधारित प्रशिक्षण देगा

**रोजगारपरक शिक्षा**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्रों को कौशल आधारित प्रशिक्षण मिलेगा। छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए वाईएमसीए ने हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसमें हरियाणा सरकार की सक्षम युवा योजना के तहत स्किल सर्टिफिकेशन और साइबर और नेटवर्किंग सिक्योरिटी पर पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा।

समझौते पर मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने हस्ताक्षर किए। मौके पर संकायाध्यक्ष (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा, कुलपति के कार्यकारी अधिकारी डॉ. राजीव कुमार सहित कौशल विश्वविद्यालय से संयुक्त निदेशक कर्नल उत्कर्ष राठौड़, उपनिदेशक संजय भारद्वाज, सहायक निदेशक चंचल, वरिष्ठ कौशल समन्वयक मीनाक्षी, डॉ. ललित तथा संजीव आदि उपस्थित रहे।

## औद्योगिक जरूरतों के मुताबिक पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम शहर की औद्योगिक जरूरतों के मुताबिक होगा। इसमें विद्यार्थियों को ऑपरेटिंग सिस्टम को सुरक्षित बनाने, जोखिम मूल्यांकन, सुरक्षित नेटवर्क डिजाइन करने, वेबसाइट की सुरक्षा का आंकलन करने, साइबर सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं पर उचित कार्रवाई करने संबंधी अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इनका प्रशिक्षण पाकर छात्र रोजगार पा सकेंगे। छात्रों को सक्षम पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।

## साइबर सुरक्षा की जानकारी

योजना के तहत कौशल विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के जरिए छात्रों को साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी से जुड़े खतरों व चुनौतियों को लेकर बेहतर जानकारी प्रदान करेगा। इसमें साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी की अवधारणा से जुड़े तमाम पहलुओं पर अनुभव दिया जाएगा।

कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए ये समझौता किया है। पाठ्यक्रम से छात्रों को रोजगार के लिए जरूरी कौशल तथा नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा

–प्रो. दिनेश कुमार, कुलपति, वाईएमसीए

**NEWS CLIPPING: 07.06.2017**

**DAINIK TRIBUNE**

## 2 यूनिवर्सिटी ने मिलाया हाथ

# विद्यार्थियों को बनाया जायेगा हुनरमंद

गुरुग्राम, 6 जून (हप्र)

विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा तथा कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय परस्पर सहयोग को लेकर एक समझौता किया है। इस समझौते के अंतर्गत हरियाणा सरकार की सक्षम युवा योजना के तहत एक कौशल प्रमाणन पाठ्यक्रम तथा एक साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। समझौता गुरुग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया।

इस समझौते पर वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह पाठ्यक्रम शुरूआत में वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी से संबंधित पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रहेगा। इन पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी भी पाठ्यक्रम से जुड़ सकते हैं।

इस अवसर पर संकायाध्यक्ष (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह, सूचना-प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ अतुल मिश्रा, कुलपति के कार्यकारी अधिकारी डॉ. राजीव कुमार तथा कौशल विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों में संयुक्त निदेशक कर्नल उत्कर्ष राठौड़, उपनिदेशक संजय भारद्वाज, सहायक निदेशक चंचल, वरिष्ठ कौशल समन्वयक मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

दैनिक ट्रिब्यून Wed, 07 June 2017
epaper.dainiktribuneonline.com

**NEWS CLIPPING: 07.06.2017**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए व कौशल विवि के बीच समझौता

## स्किल सर्टिफिकेशन साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी पाठ्यक्रम की पढ़ाई होगी शुरू



*वाईएमसीए विश्वविद्यालय और कौशल विश्वविद्यालय के बीच समझौते को दिखाते हुए।* (रजत)

फरीदाबाद, 6 जून (सूरजमल): विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा तथा कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने परस्पर सहयोग को लेकर एक समझौता किया है।

इस समझौते के अंतर्गत हरियाणा सरकार की सक्षम युवा योजना के तहत एक कौशल प्रमाणन पाठ्यक्रम तथा एक साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस समझौते पर वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष (अकादमिक) डा. विक्रम सिंह, सूचना-प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डा. अतुल मिश्रा, कुलपति के कार्यकारी अधिकारी डा. राजीव कुमार तथा कौशल विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों में संयुक्त निदेशक कर्नल उत्कर्ष राठौर, उपनिदेशक संजय भारद्वाज, सहायक निदेशक चंचल, वरिष्ठ कौशल समन्वयक मीनाक्षी, उप कुलसचिव डा. ललित तथा सहायक कुलसचिव संजीव उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय द्वारा कौशल विश्वविद्यालय के साथ समझौता परस्पर अकादमिक सहयोग के माध्यम से कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और यह राज्य में कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में बड़ा योगदान देगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच परस्पर सहयोग से आयोजित पाठ्यक्रमों का लाभ विद्यार्थियों को होगा, क्योंकि इससे विद्यार्थियों को रोजगार के लिए जरूरी कौशल तथा नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा और वे औद्योगिक जरूरत के अनुसार खुद को योग्य बना सकेंगे। राज नेहरू ने कहा कि कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य कौशल तथा कौशलता आधारित शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना, अर्थव्यवस्था के उभरते हुए क्षेत्रों में उद्यम विकास तथा इन उद्यम क्षेत्रों से संबद्ध अन्य क्षेत्रों में कौशलता के स्तर को बढ़ाना है।


पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 07 June 2017
epaper.punjabkesari.in//c/19620448

**NEWS CLIPPING: 07.06.2017**

**PIONEER HINDI**

# कौशल आधारित शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



वाईएमसीए-हरियाणा कौशल विवि के बीच समझौते के बारे में जानकारी देते कुलपति।

**राज्य** में कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों को गुणात्मक शिक्षा देकर उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विवि के बीच समझौता किया गया। इसके तहत कौशल प्रमाण और साइबर-नेटवर्किंग सिक्योरिटी पाठ्यक्रम भी शुरू होंगे।

समझौते पर वाईएमसीए विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विवि के कुलपति राज नेहरू ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि वाईएमसीए विवि द्वारा कौशल विवि के साथ समझौता परस्पर अकादमिक सहयोग के माध्यम से कौशल आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। दोनों पक्षों के बीच परस्पर सहयोग से आयोजित पाठ्यक्रमों का लाभ विद्यार्थियों को होगा। हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विवि के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि कौशल विवि की स्थापना का उद्देश्य कौशल तथा कौशलता आधारित शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इस दौरान संकायाध्यक्ष (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह, सूचना-प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ अतुल मिश्रा, कुलपति के कार्यकारी अधिकारी डॉ. राजीव कुमार और कौशल विवि के संयुक्त निदेशक कर्नल उत्कर्ष राठौड़, उपनिदेशक संजय भारद्वाज, सहायक निदेशक चंचल, वरिष्ठ कौशल समन्वयक मीनाक्षी, उप कुलसचिव डॉ. ललित तथा सहायक कुलसचिव संजीव उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 07.06.2017**

**PIONEER ENGLISH**

# YMCA & HVSU sign MoU for skill training

PNS ■ CHANDIGARH

To impart quality education and skill-based training to the students to enhance their employability, a Memorandum of Understanding (MoU) has been signed between YMCA University of Science and Technology, Faridabad and Haryana Vishwakarma Skill University (HVSU).

As per the MoU, a skill certification course and a course in cyber and network security will be conducted under Saksham Yuva Scheme of Haryana Government.

Speaking on the occasion, YMCA University Vice-Chancellor Dinesh Kumar said that the MoU with HVSU is a significant step taken by the YMCA University in promoting skill based education through academic collaboration and it would make important contribution in enhancing skill based education in the state.

The courses under the joint collaboration would benefit the students as it would enable the students to gain employable skills which would help them to be aware of the latest tools and techniques in order to be industry ready, he added.

Vice-Chancellor of HVSU, Raj Nehru said that HVSU is established with an objective to facilitate and promote skill,



skill based education and research and entrepreneurship development in the emerging sectors of economy and raise skill levels in various domains related to these sectors.

He informed that HVSU in association with YMCA University would run cyber and network security course with sound knowledge and understanding of threats and challenges, concepts and practices applied in cyber and network security. Curriculum of the course would be industry specific and students picking up the courses will learn the skill of securing operating systems, performing risk assessments, designing secure network architectures, assessing and reinforcing the security of websites and, responding to cyber security incidents.

The course would be primarily for the students of YMCA University who are in the final semester of engineering and technology courses or

**As per the MoU, a skill certification course and a course in cyber and network security will be conducted under Saksham Yuva Scheme of Haryana Government**

have already done these courses.

Similarly, under the agreement, HVSU in association with YMCA University would also offer a skill certification course under Saksham Yuva Scheme. The course has been designed to impart communication and life skill training to the youth living in marginalised communities and provide them an opportunity to escape poverty through training and employment by enhancing their skills of acquiring a job, self-employability and economic security.

The programme would be exclusively for those who have registered themselves on Saksham portal under Saksham Yuva Scheme of Government.

Saksham Yuva Scheme launched by the Haryana Government last year, aims to support the employability and earnability aspects of youth of Haryana who are educated but unemployed.

**NEWS CLIPPING: 07.06.2017**

**HARIBHOOMI**

# कौशल विकास के लिए वाईएमसीए व विश्वकर्मा विवि में करार

**चंडीगढ़।** विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा तथा कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद और हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने परस्पर सहयोग को लेकर एक समझौता किया है। इस समझौते के अंतर्गत हरियाणा सरकार की सक्षम युवा योजना के तहत एक कौशल प्रमाणन पाठ्यक्रम तथा एक साइबर व नेटवर्किंग सिक्योरिटी पाठ्यक्रम शुरू किया जायेगा। इस समझौते पर वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने हस्ताक्षर किए।